## सार-समाचार

### जल सेवा का शुभारम्भ




**गंगापुर सिटी, (निसं)।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए निशुल्क जल सेवा शुरू की है। वर्धमान हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मनोज जैन ने यात्रियों को शरबत पिलाकर सेवा का उद्घाटन किया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप पिछले 14 वर्षों से यह सेवा प्रदान कर रहा है। ग्रुप की देशभर में 375 शाखाएं हैं। इस अनूठी सेवा के लिए ग्रुप को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुका है। रेलवे के वरिष्ठ सहायक मंडल इंजीनियर अनिल जैन ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए रेलवे ने सामाजिक संगठनों को यात्रियों को ठंडा पानी देने की अनुमति दी है। रेलवे की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। ग्रुप संयोजक विमल कुमार जैन और अध्यक्ष के.के. जैन ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर सभी ट्रेनों में यात्रियों को उनकी सीट पर ही ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल, प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष दीपक नरूका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### परिंडे बांधने का कार्यक्रम शुरू

**भरतपुर, (निसं)।** एलीट सोसायटी द्वारा सोसाइटी की हुई बैठक में लोगों को जागरूक करने तथा सामाजिक सरोकार के अन्य कार्य करने का निर्णय लिया गया। उसी संदर्भ में फोरम द्वारा उठाए गए प्रकल्पों में से एक पंछियों के लिए पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे बांधने के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत महारानी श्री जया महाविद्यालय से की गई।जिसमें विभिन्न कॉलेजों के सेवानिवृत प्राचार्य एवं प्रोफेसर्स ने भाग लिया। एम एस जे कॉलेज के विभिन्न स्थानों पर परिंडे बांधने के पश्चात कृष्णा कॉलोनी स्थित गार्डन, मुख्य सड़क पर भी परिंडे लगाए गए। सभी सदस्यों ने इनमे लगातार पानी भरने का भी अपना संकल्प दोहराया और इस प्रोग्राम को आगे भी जारी रखने की इच्छा जताई। साथ ही सदस्यों ने फ़ोरम द्वारा उठाए जा रहे अन्यों प्रकल्पों को भी समय से प्रारंभ करने की इच्छा जाहिर की। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ हरवीर सिंह , डॉ ओम प्रकाश सोलंकी , डॉ योगेंद्र भानू ने उत्साह से सहयोग दिया।

### सेव का जैम बनाना सिखाया

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर कौशल विकास हेतु विद्यार्थियों को गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि विद्याथियों को भिण्डी व कच्चे आम सुखाना व सेव का जैम बनाना सिखाया गया। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि खेती से अनाज, दाल, फल-सब्जी आदि का उत्पादन करना प्राथमिक खेती कहलाती है, जबकि उत्पादित कृषि उत्पाद को सुरक्षित ग्राहक तक पहुँचाना द्वितीयक खेती है। भारत में मुख्य फोकस कृषि जिन्सों के उत्पादन पर रहा है, जबकि 30-35 प्रतिशत फल-सब्जी तुडाई पश्चात ग्राहक तक पहुँचाने से पहले खराब हो जाते हैं। अतः हमें फल-सब्जियों के रखरखाब पर ध्यान देने की जरूरत है। किसान फसल उत्पादन के साथ उनके भण्डारण, ठोडिंग, पैकिंग, परिवहन व प्रोसेसिंग करना सीखें ताकि फल-सब्जी बिना खराब हुए ग्राहक तक पहुँच सके, इससे युवा, महिला व किसानों को रोजगार मिलेगा, किसान की आमदनी बढेगी तथा अपने माल का सुरक्षित निर्यात करके विदेशी मुद्रा भी कमायी जा सकती है। द्वितीयक खेती आधुनिक विधा है, इससे नागरिकों के स्वास्थ्य व पर्यावरण में सुधार करने में सहायता मिलती है।

### तेजेन्द्र सिंह मंडल महामंत्री नियुक्त

**करौली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल करौली की घोषित कार्यकारिणी में तेजेंद्र सिंह जादौन को शहर मंडल करौली का महामंत्री मनोनीत किया गया है। तेजेन्द्र सिंह के महामंत्री मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाइयां दी एवं मंडल अध्यक्ष करौली शहर आशुतोष तिवारी,विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,धीरेंद्र सिंह बैंसला, जिला महामंत्री का आभार व्यक्त किया तेजेन्द्र सिंह को बधाई देने वालों में धन सिंह माली, विक्की गुरु, नितेश महावर, पंकज अठावाल, धीरेंद्र बैंसला, योगेश शर्मा योगी, मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, सुरेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भाजपा आदि शामिल है।

### एयर स्ट्राइक को लेकर जश्न मनाया

**करौली, (निसं)।**भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्री सर्किल पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए एयर स्ट्राइक हमले को लेकर जश्न मनाया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बदले पाकिस्तान मे किये एयर स्ट्राइक के समर्थन में भाजपाईयो ने जमकर पटाखे फोडे एवं भारतीय सेना,जिंदाबाद भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए तथा सभी ने भारतीय सेना एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया,प्रहलाद सिंहल, जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला,विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,जयेंद्र सिंह जादौन,मंडल महामंत्री तेजेंद्र सिंह जादौन,आशीष जैन,मंडल उपाध्यक्ष विक्की गुरु, नितेश महावर, कपिल देव पाराशर, अशोक वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्डवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर दिया धरना

**रूपवास, (निसं)।** शहर की नानकपुर कॉलोनी के वार्ड नंबर 22, 23 के बाशिंदों ने बुधवार को रैली निकालकर एसडीएम विष्णु बंसल को पानी की किल्लत के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद नानकपुर संघर्ष समिति के संयोजक वीरेंद्र सिंह, खेमेन्द्र सिंह मेवला व संयोजक संजीव गुप्ता की अगुवाई में महिलाओं ने जलदाय विभाग की ओर कूच करके धरना प्रदर्शन कर होश में आओ होश में आओ व हमे पानी चाहिए के नारे लगाए।

ख़ेमेन्द्र मेवला ने बताया कि पानी की किल्लत को लेकर एक सप्ताह तक नानकपुर के वाशिंदों ने शांतिपूर्वक धरना दिया। इसके बाद विधायक, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिका ईओ, जलदाय विभाग व चंबल परियोजना के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर 7 दिन का आश्वासन देकर धरना को समाप्त करवा दिया था। तथा 7 दिन में क्षितग्रस्त पाइप लाइन को बदलने एवं मालोनी की ओर कुछ दूरी तक नई लाइन बढाने एवं दो पॉइंट लगाने की बात कही थी। जिससे नानकपुर वासियों को पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन इसके बाद आज तक किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुचकर पानी की समस्या का समाधान नहीं किया। इस कारण अब ज्ञापन देकर आरपार की लड़ाई करने व अपने हक के पानी को लेने की बात कही गई। क्योंकि अब भीषण गर्मी में महिलाएं रेलवे स्टेशन पर चढ़कर व रेल पटरियां पार करके पानी लायेगी। तो गर्मी में बीमार होने का खतरा बढ़ जायेगा। अगर अब भी 4 दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ। तो 12 मई सोमवार से नानकपुर में विशाल धरना एवं उठा प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद महिलाएं मटके लेकर जलदाय विभाग कार्यालय पर गई। वहां पर कर्मचारी राजवीर सिंह मिले। यानी एईएन जेईएन गायब मिले। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों से अधिकारियों के बारे में पूछताछ की। तो बंगले झांकने लग गये। इससे साफ तौर पर स्पष्ट है कि अधिकारी मुख्यालय पर नही रहने व दूरदराज अपने घरों से कार्यालय में आना अपनी तौहीन समझते हैं। क्योंकि एसडीएम द्वारा इनके कार्यालयों का निरीक्षण नही किया जाता है। इससे इनके हौसले बुलंद हैं। गत दिनों चेंकोरा में हुई जनसुनवाई में भी जलदाय विभाग के अधिकारी गायब मिले थे। इनको नोकरी की कोई चिंता नहीं है। वही नानकपुर की महिलाएं व संयोजक कर्मचारियों की बातों से असंतुष्ट दिखे। जिस पर महिलाओं ने मटके लेकर जलदाय विभाग अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आक्रोश प्रकट करते हुये जमकर खरी खोटी सुनाई। इसके बाद फोन पर सहायक अभियंता उत्तम सिंह ने बताया कि गुरुवार को नानकपुर में मौके पर आऊंगा। तथा समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया।संघर्ष समिति के संयोजक वीरेंद्र सिंह ने बताया की हमें 6 इंची की पाइप लाइन 500 मीटर दे दी जाए। तो हम अपने खर्चे पर बदल देंगे। वही कुछ दूरी पर आगे ले जाएंगे। जिससे गर्मियों के मौसम में जो पानी की किल्लत रहती है। इसका अस्थाई समाधान हो जाएगा। इसके बाद जो योजना सरकार द्वारा पानी की किल्लत के समाधान के लिए लाई जा रही है। उसका इंतजार कर लेंगे। इसके बाद पानी आता रहेगा जब तक गर्मियां भी निकल जायेगी।



वार्डवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर धरना दिया।

## हार्डीकर को किया याद

**भरतपुर, (निसं)।** कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डा.एन.एस.हार्डीकर के 136वें जन्म दिवस पर हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायाम शालापर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने याद किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवा दल के राश्ट्रीय प्रशिक्षक चुन्नी कप्तान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी में अनुशासन का जनक, आजादी के आन्दोलन में कई बार जेल गये। सन् 1956 में राज्य सभा के सदस्य बने। सन् 1958 में पदम भूषण से सम्मानित हुए व सन् 1962 में कर्नाटक में आरोग्य धाम की स्थापना कर रोगियों की सेवा में जुटे उस महान स्वतंत्रता सेनानी को हम नमन करते हैं। कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष डा. निरंजन सिंह जघीना ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया।

# लायन्स क्लब बनवा रहा पक्षियों के लिए आश्रय स्थल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** लायंस क्लब मानव सरोकार और पीडित मानव के लिए अपनी सेवाएं समय-समय पर देती रहती है। संस्था द्वारा दया और प्रेम से भरा जीवन सच्चा धन है की मूल उद्देश्य के साथ पक्षियों के लिए गंगापुर की हृदयस्थली प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण बाबा श्याम के दरबार कुशालगढ नहर श्याम सरोवर में एक विशाल पक्षी घर का निर्माण कर रहा है जो की गंगापुर सिटी में बेजुबान पक्षियों के आश्रय हेतु विशाल पक्षी घर रैन बसेरे का निर्माण कर प्रथम और नवीन नवाचार किया है जिसका निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। इस पक्षी घर को प्रकृति को जल्दी ही समर्पित कर दिया जाएगा।

क्लब के अध्यक्ष लायन सुरेश चन्द गुप्ता कोचिंग द्वारा इस प्रोजेक्ट को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट मानते हुए पूर्ण मनोयोग से संपादित करने में लगे हुए हैं और दिन-रात समर्पित है। साथ ही साथ क्लब के सचिव प्रोफेसर धीरज कुमार गुप्ता गुप्ता भी पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि पक्षी घर लायंस क्लब गंगापुर सिटी का एक परमानेंट प्रोजेक्ट है और इस प्रोजेक्ट में क्लब के सभी सदस्यों ने अपना आर्थिक सहयोग प्रदान किया है और इसका संपूर्ण निर्माण केवल क्लब के सदस्यों द्वारा ही करवाया जा रहा है।

कार्य की पूर्णता और सुंदरता हेतु पक्षी घर निर्माण हेतु पांच सदस्य संयोजक की एक टीम का गठन किया गया है जिसमें लायन सतीश धर्मकांटा, लायन सुरेंद्र विजयवर्गीय उर्फ लाला, लायन भागीरथ रेंजर, लायन राजेंद्र अकाउंटेंट और लायन राजेंद्र बीआर मेडिकल वाले पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पक्षी घर निर्माण के लिए भरपूर सहयोग और समय दे रहे हैं जिसका परिणाम है कि लायंस क्लब गंगापुर सिटी अपनी ड्रीम प्रोजेक्ट पक्षी घर को प्रकृति को समर्पित करने में सक्षम हो सका है और जल्दी ही बनकर तैयार हो जाएगा जो की गंगापुर सिटी का प्रथम पक्षी घर होगा।

मानव से अलग बेजुबान उन पक्षियों के लिए है जो हमारी प्रकृति का संतुलन बनाए रखते हैं और प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। यह पक्षी घर पक्षियों के लिए हर मौसम के अनुकूल होगा यह सर्दी गर्मी और बरसात से इनकी रक्षा करेगा।

# एयर स्ट्राइक पर जताई खुशी

**भरतपुर, (निसं)।** पहलगांव में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्या के एवज भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों को एयर स्ट्राइक कर ध्वस्त कर दिया। सेना द्वारा लिए गए बदले की खुशी में भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी तथा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। भारतीय सेना जिन्दाबाद के जयघोष से भाजपा कार्यालय गूंज उठा तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश, उत्साह और उमंग देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारी भारतीय नारियों का सिंदूर उजाड़ा था उसी की एवज में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर जवाबी कार्यवाही की।

## कार्यक्रम जारी

**करौली, (निसं)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 8 मई को पंचायत समिति मुख्यालय करौली के भारत निर्माण केन्द्र पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये।

# ऑपरेशन अभ्यास के तहत किया मॉकड्रिल



करौली में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**करौली, (निसं)।** ) भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में ऑपरेशन अभ्यास के तहत मॉक-ड्रिल बुधवार को सायं 4 बजे पशुपालन कार्यालय में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि मॉक-ड्रिल के दौरान एयर रेड चेतावनी सायरन के बजते ही सिविल डिफेंस के बचाव एवं राहत दल सहित नागरिक सुरक्षा से संबंधित सभी विभाग सक्रिय हो गये और कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचना के आधार पर अभ्यास स्थल पर तत्काल पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया। इस दौरान चार नागरिकों को सकुशल रेस्क्यू किया गया और एम्बुलेंस के माध्यम से सामान्य चिकित्सालय पहुचाया गया। साथ ही आग बुझाने की कार्यवाही का भी डेमो किया गया। वहीं मलबा हटाकर घायलों को निकालने का भी प्रशिक्षण दिया जाकर अभ्यास किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस दौरान सिविल डिफेंस एवं बचाव राहत दल का रेसपोन्स संतोषजनक रहा। उन्होंने कहा कि आगे होने वाले अभ्यासों के दौरान रेसपोन्स टाईम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिये गये है। मॉक-ड्रिल के दौरान जिला कलेक्टर ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि की शहर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में अचानक सायरन गूंजे या कोई आपात अभ्यास के संकेत मिले तो घबरायें नहीं यह मॉक ड्रिल सिविल डिफेंस कार्यवाही का एक हिस्सा है। इस अभ्यास का उद्देश्य प्रशासन और नागरिकों को किसी भी आपात की स्थिति से निपटने के लिए जागरूक, प्रशिक्षित एवं अभ्यस्त करना है। जिससे सरकार के नागरिक सुरक्षा के उद्देश्य को जिले में सफल बनाया जा सके।

# मॉकड्रिल: हवाई हमले की जिला प्रशासन ने परखी तैयारियां

**भरतपुर, (निसं)।** सायरन की आवाज के साथ ही पुलिस, प्रशासन की दौडती गाडियों, एम्बूलेंस व फायर ब्रिगेड के वाहनों से गुंजती सायरनों की आवाज सुनकर शहर के नागरिकों में अनायास ही कौतुहल पैदा हो गया। बिजलीघर से मथुरागेट तक सायरनों की आवाज सुनकर हर कोई बचाव की मुद्रा में आ गया तो हवाई हमले के बाद घायलों एवं प्रभावितों को बचाने के लिए जिला प्रशासन के 14 विभाग सक्रिय हो गये। मौका था ऑपरेशन अभ्यास के तहत संभावित हवाई हमले से बचाव के मॉकड्रिल का।

नगर निगम कार्यालय परिसर में बुधवार को शाम 4 बजे एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉकड्रिल नगर परिषद में दुश्मन देश के हवाई हमले में बम विस्फोट की स्थिति में मौके पर राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने और अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से की गई। नगर निगम परिसर में टायर जलाकर विस्फोट के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई, जिसके तत्काल बाद सायरन बजने लगे, जिला पुलिस कंट्रोल रूम को हवाई हमले की सूचना दी गई। पुलिस, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुँची। पुलिस टीम द्वारा दुश्मन देश के विमान की तरफ फायर कर उसे खदेडा गया। तत्काल प्रभाव से एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मॉक ड्रिल में घायल हुए लोगों को दो एम्बुलेंस के माध्यम से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर पहुॅची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा आग बुझाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सिविल डिफेंस की टीम द्वारा रस्सों की सहायता से दो मंजिला भवन की छत से घायलों को नीचे उतारने का सजीव प्रदर्शन करते हुये अस्पताल पहुॅचाया गया।

> ■ नगर निगम परिसर में टायर जलाकर विस्फोट के साथ मॉक ड्रिल की शुरुआत हुई

हवाई हमले की सूचना मिलते ही जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने मौके पर पहुॅचकर बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लेकर टीम की सक्रियता को परखा। सीओ सिटी पंकज यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोर्चा संभालकर दुश्मन देश के विमान को हवाई फायर कर खदेडा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश यादव के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता द्वारा आसपास जमा भीड को हटाते हुये संभावित हमले से बचाव के लिये एसओपी की पालना के निर्देश दिये। एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, आयुक्त नगर निगम श्रवण कुमार ने बचाव राहत कार्यों की टीम के साथ समन्वय का कार्य किया।अस्पताल पहुंचने पर, घायलों को तुरंत ट्राइएज क्षेत्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने उनकी प्राथमिक जांच की और उन्हें उनकी चोटों की गंभीरता के अनुसार विभिन्न वार्डों में भेजा गया। इस दौरान अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में तेजी और समन्वय देखा गया। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने मॉकड्रिल में घायल हुए लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की।इस दौरान जिला कलक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और घायलों के इलाज में जुटे डॉक्टरों और नर्सों से बातचीत की। जिला कलक्टर ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक फीडबैक भी दिया।

मॉक ड्रिल के अंत में जिला कलक्टर ने कहा कि यह मॉकड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और सभी संबंधित विभागों के समन्वय और तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल से किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की हमारी क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती रहेंगी ताकि आपात स्थिति के लिए जिला प्रशासन तैयार रहे।



भरतपुर नगर निगम में हवाई हमले का मॉकड्रिल किया।

## सार-समाचार

### कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली, (निसं)।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने मंगलवार को मंडरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत राहिर में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला कलक्टर ने रात्री चैपाल में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे की पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत कार्य करवाने, उपस्वास्थ्य केन्द्र राहिर का हैंडपंप ठीक करवाने, नरेगा में रोजगार उपलब्ध करवाने, पेंशन चालू करवाने, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने, स्कूल क्रमोन्नत करवाने सहित विभिन्न विभागों के 34 परिवाद प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलेक्टर ने आगामी मानसुन को देखते हुए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हरियालो राजस्थान को सफल बनाने की अपील की जिससे पर्यावरण स्वच्छ बन सके साथ ही अपनी पंचायतों में उचित साफ-सफाई कर सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई

**करौली, (निसं)।** करौली के समीप लेदौर गांव में वैध मिश्री लाल शर्मा के निवास पर आयोजित भागवत कथा में सुप्रसिद्ध राष्ट्रवादी वक्ता आचार्य गोपेश्वर शास्त्री ने श्रोताओ को रुक्मणी विवाह की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि शिशुपाल जबरदस्ती लक्ष्मी पति बनना चाहता था जबकि उसके कर्म स्वभाव मन सब समाज के लिए श्रेयस कर नहीं थे। उन्होंने कहा कि भगवान ने देखा अगर लक्ष्मी जी गलत हाथों में चली जायेगी तो अनर्थ होगा लक्ष्मी का दुरुपयोग होगा आग अगर सही हाथ मे है तो दीपक जलाकर घर रोशन करेगी और गलत हाथों में है तो दुनिया को जलाकर खाक करेगी इस लिए भगवान ने लक्ष्मी जी का हरण कर शिशुपाल से रक्षा की।शास्त्री ने कहा कि आज लोग भ्रस्टाचार करके देश,समाज को कमजोर कर रहे है।भ्रस्टाचार से आप लक्ष्मी को एकत्रित तो कर लेंगे लिकिन जिस दिन ठाकुरजी को लगेगा कि ये व्यक्ति गलत प्रकार से लक्ष्मी पति बनने की कोशिश कर रहा है एक मिनिट मे हरण कर रोड पति बना देंगे।गोपेश्वर शास्त्री ने श्रोताओ को रानू मण्डल, ,मोनालिशा आदि का उदारहण देते हुए कहा कि मसकही करहि विरिंचि प्रभु करहि मसक से हीनजब प्रभु अपनी कृपा की दृष्टि ड़ालते है तो मच्छर को ब्रम्हा बना देते है और जब कृपा हटाते है तो ब्रह्मा को भी मच्छर से गया गुजरा बना देते है। कल तो जो देश के गृहमंत्री थे सारी पुलिश उनकी सेवा में खडी रहती आज बो ही लोग जमानत करवाकर तिहाड़ से घबरा रहे है। इस लिए जीवन मे जो आपको परमात्मा ने दिया है उसे पर्याप्त समझकर प्रसन्न रहने की आदत डालें गलत रास्ते गलत सोच पीड़ा दार्यी होती है।इस अवसर पर प्रधान यजमान मिश्री लाल वैध शीला देवी,पूर्व सभापति प्रतिनिधि मुकेश पचैरी, राजेन्द्र सारस्वत, दीपक शर्मा, पार्षद विनोद शर्मा, कैलाश हरदैनिया,मिक्कू,शिवदयाल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

### पीएम किसान सैचुरेशन कैम्प 31 तक

**करौली, (निसं)।** तहसीलदार महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ से वंचित पात्र किसानों को जोडने, मृतक किसानों की पहचान कर उनको पोर्टल से हटाने, किसानों की फॉर्मर आई-डी कवरेज एवं पात्र किसानों की ई-केवाईसी, डीबीटी, भूमिसीडिंग, भौतिक सत्यापन हेतु 1 मई से 31 मई 2025 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पीएम किसान सैचुरेशन कैम्प आयोजित किये जा रहे है। उन्होने बताया कि जिसके अन्तर्गत आज 8 मई को कैलादेवी, समैरदा, राजौर, 9 व 10 मई को रघुवंशी, सैगरपुरा, रामपुर, 13 व 14 मई को परीता, बीजलपुर, मामचारी, 15 व 16 मई को हरनगर, तुलसीपुरा, गुनेसरा, 19 व 20 मई को जंहागीरपुर, मांची, सांयपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर, 21 व 22 मई को रौडकला, खुबनगर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र व पंचायत भवन बरखेडा पर, 23 व 24 मई को गुडला, महोली, कोटा मामचारी के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर, 26 व 27 मई को कोड़र, चैनपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्र व पंचायत भवन सौरया पर, 28 व 29 मई को अतेवा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र व पंचायत भवन पतरामपुरा व खोहरी, 30 व 31 मई को गेरई, ससेडी व लोहर्रा के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर कैम्पों का आयोजन कर किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** अवैध नशे के कारोबार के खिलाफडीएसटी और करौली कोतवाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 7.98 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस को गश्त के दौरान कॉलेज ग्राउंड स्थित पानी की टंकी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान चरण सिंह 38 के रूप में बताई। वह बीएसएनल ऑफिस के पीछे सर्किट हाउस के पास रहता है।करौली कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चल रहे अभियान का हिस्सा है। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद-बिक्री और इस कारोबार में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## सम्मेलन का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय केक्षेत्रीय केन्द्र जूनून की ओर से रविवार को एक दिवस राष्ट्र स्मरण में योग का महत्व विषयएक कैथेड्रल का आयोजन महाराजा सूरजमल शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज केऑडिट किया गया। देहरादून के नासिक क्षेत्रीय केंद्र जूनून केनिदेशक डॉ. ऑयराइज़र कुमार शर्मा ने की। मुख्य अतिथि वयोवृद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कैलाश शर्मा चंद्र जी और मुख्य वक्ता राजकीयमहाविद्यालय,धौलपुर के सहायक आचार्य अमर सिंह सैनी जी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समसामयिक द्वीप व संठाहालय से की गईगया। संघ के आरंभ में सभी जोड़ों को माला पहनाकर और स्मृतिचिन्ह दिया गयामित्र का स्वागत किया गया। तदुपरान्त अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.वकील कुमार शर्मा ने अष्टांग योग के आठ नियम यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा,ध्यान और समाधि के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि कोरोना काल में योग के महत्व को जानने के लिए लोगों ने अपनी जीवन शैली को शामिल किया हैशामिल है। मुख्य अतिथि कैलाश चंद शर्मा जी ने कहा कि योग का अर्थ क्या हैजोड़ा गया है,योग का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना ही नहींबल्कि मानसिक शांति, आत्म जागरूकता और आध्यात्मिक विकास को भी बढ़ावा देना है।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश स्थान-करौली
आम जनता मंडरायल विरूद्ध महेश चंद वगै.
वाद बाबत् निरस्ती डिक्री वाद सं. 78/2023
1. केशव पुत्र रामकुमार उम्र 73 वर्ष जाति महाजन निवास मण्डरायल हाल निवासी जयपुर (राज.) 2. लाडबाई पुत्री रामकुमार पत्नि पूरनचंद उम्र 60 वर्ष जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल निवासी करौली जिला करौली (राज.) 3. बृजलता पुत्री दौलतप्रसाद पत्नि बजरंगलाल उम्र 55 वर्ष जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल आबादी दौलतपुरा तहसील सपोटरा जिला करौली 4. श्यामलता पुत्री दौलतप्रसाद पत्नि रविन्द्र उम्र 50 वर्ष जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल आबाद करौली जिला करौली 5. अंजना पुत्री दौलतप्रसाद पत्नि संजय कुमार उम्र 48 वर्ष जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल निवासी हिण्डौनसिटी जिला करौली 6. बृजमोहन पुत्र पन्नालाल उम्र 92 वर्ष जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल निवासी करौली तहसील व जिला करौली (राज.) 7. दुर्गालाल उम्र 78 वर्ष 8. प्रभूलाल उम्र 92 वर्ष 9. मोतीलाल उर्फ मांगीलाल उम्र 82 वर्ष पुत्रान पन्नालाल जाति महाजन निवासी मण्डरायल हाल आबाद गंगापुरसिटी जिला सवाईमाधोपुर वादीगण ने आपके विरूद्ध जिसकी नकल संलग्न है के लिये वाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 12 माह 5 सन् 2025 को दिन में 7.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्ज व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 4 माह 4 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
(मुहर) सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली (राज.)